पत्रांक -बि.प्र.सु.मि.सो./आर.टी.पी.एस.-01/2011(खण्ड) सो0- 372

**बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी**

**(सामान्य प्रशासन विभाग)**

प्रेषक,

**डॉ. प्रतिमा**
अपर मिशन निदेशक

सेवा में,

**सभी जिला पदाधिकारी**

पटना, दिनांक- 28/01/2022

**विषय:-** **लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम के कार्यान्वयन में कार्य उपलिब्ध के आधार पर जिलों की मासिक रैकिंग किए जाने के सम्बन्ध में।**

महाशय,

कार्य संस्कृति में उतरोत्तर सुधार तथा प्रतिस्पर्द्धा उत्पन्न करने के दृष्टिकोण से बिहार लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम के कार्यान्वयन में जिलों की कार्य उपलब्धि का राज्य स्तर पर मासिक रैंकिंग किए जाने का निर्णय लिया गया है।

2. फिलहाल सर्विस प्लस एप्लीकेशन **(serviceonline.bihar.gov.in)** एवं अधिकार एप्लीकेशन **(rtps.bihar.gov.in)** से प्रदान की जाने वाली सेवाओं एवं अन्य संगत आंकड़ों तथा बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी के वेबसाइट **(bpsm.bihar.gov.in)** पर साप्ताहिक प्रतिवेदन प्रपत्र में अपील/ दंड अधिरोपण के प्रतिवेदन के आधार पर जिलों की रैंकिंग की जाएगी। अभी जिन सेवाओं के आंकड़ें लिए जाएंगे उनकी विभागवार सूची संलग्न की जा रही है। धीरे-धीरे इसमें कुछ अन्य लोक सेवाओं को भी शामिल किया जाएगा तथा मापदंडों में आवश्यकतानुसार संशोधन किया जा सकेगा, जिसकी जानकारी यथासमय दी जाएगी। रैंकिंग निर्धारण के लिए जिलों में संपादित होने वाली अन्य कार्रवाई/गतिविधियों को समावेशित करते हुए विभिन्न मापदंड एवं उसके भारिता अंक निम्न प्रकार से निर्धारित किए गए हैं : -

a) **01.01.2022 से लेकर समीक्षित माह तक जिले में प्राप्त कुल आवेदन में निष्पादित आवेदनों का प्रतिशत -** **अधिकतम -10 अंक**

| **दिनांक- 01.01.2022 से समीक्षित माह तक प्राप्त आवेदनों की संख्या** | **समीक्षित माह तक निष्पादित आवेदनों की संख्या** | **समीक्षित माह तक निष्पादित आवेदनों का प्रतिशत** | **प्राप्तांक** |
|---|---|---|---|
| | | | |

b) **समीक्षित माह में जिले में नियत समय सीमा के भीतर निष्पादित आवेदनों का प्रतिशत -** **अधिकतम -30 अंक**

| **समीक्षित माह में निष्पादित आवेदनों की संख्या** | **इनमें नियत समय सीमा के भीतर निष्पादित आवेदनों की संख्या** | **नियत समय सीमा के भीतर निष्पादित आवेदनों का प्रतिशत** | **प्राप्तांक** |
|---|---|---|---|
| | | | |

c) समीक्षित माह में जिले में नियत समय सीमा के बाद निष्पादित आवेदनों का प्रतिशत -

अधिकतम -10 अंक

| समीक्षित माह में निष्पादित आवेदनों की संख्या | इनमें नियत समय सीमा के बाद निष्पादित आवेदनों की संख्या | नियत समय सीमा के बाद निष्पादित आवेदनों का प्रतिशत | प्राप्तांक |
|---|---|---|---|
| | | | |

व्याख्या-

आवेदनों की समय सीमा के अधीन निष्पादन की प्रवृति हो इसके लिए नियत समय सीमा के अधीन निष्पादित मामलों का महत्व (weightage) ज्यादा रखा गया है (अंक निर्धारण 30 भारिता अंक पर ) । समय सीमा के बाद निष्पादन करने पर अपेक्षाकृत कम भारिता (10) पर अंक दिए जाएंगे। ये दोनों मापदंड परस्पर जुड़े हुए हैं और किसी माह में किसी जिले को इन दोनों को मिलाकर अधिकतम 30 अंक ही मिल सकेंगे।

**उदाहरण** : यदि A जिले में X माह में 100 आवेदनों का निष्पादन हुआ है और सभी 100 within timeline disposed हैं तो उस जिले को (b) श्रेणी में पूरे 30 अंक मिलेंगे पर (c) श्रेणी में शून्य अंक मिलेगा अर्थात (b) + (c) = 30 ही होगा।

यदि A जिले में Y माह में 100 आवेदनों का निष्पादन हुआ है और 90 within timeline disposed हैं तो उस जिले को (b) श्रेणी में अधिकतम 30 अंक के हिसाब से 27 अंक (90%) मिलेंगे और (c) श्रेणी में अधिकतम 10 अंक के हिसाब से 01 अंक (10%) मिलेंगे अर्थात (b) + (c) = 28 ही होगा।

तात्पर्य यह कि 10 प्रतिशत मामलों में नियत समय सीमा के बाद निष्पादन करने पर 2 अंकों की हानि होगी।

d) तत्काल प्रमाण पत्रों के सत्यापन का प्रतिशत -

अधिकतम 10 अंक

| समीक्षित माह में सत्यापित किए जाने हेतु अपेक्षित प्रमाण पत्रों की कुल संख्या | समीक्षित माह में सत्यापित किए गए प्रमाण पत्रों की संख्या | सत्यापन का प्रतिशत | प्राप्तांक |
|---|---|---|---|
| | | | |

व्याख्या-

अपवाद स्वरुप किसी जिले में समीक्षित माह में सत्यापित किए जाने हेतु अपेक्षित तत्काल प्रमाण पत्रों की कुल संख्या यदि शून्य रहती है तो वहां पूरे 10 अंक दिए जा सकेंगे।

e) प्रारम्भ से लेकर अब तक जिले में अपील के निष्पादन का प्रतिशत -

अधिकतम 10 अंक

| प्रारंभ से समीक्षित माह तक प्राप्त अपील की संख्या | निष्पादित अपील की संख्या | निष्पादित अपील का प्रतिशत | प्राप्तांक |
|---|---|---|---|
| | | | |

f) प्रारम्भ से लेकर समीक्षित माह तक जिले में शास्ति अधिरोपण में विरुद्ध वसूली की गई राशि का प्रतिशत –

**अधिकतम 10 अंक**

| प्रारंभ से समीक्षित माह तक शास्ति अधिरोपित राशि | शास्ति अधिरोपित राशि के विरुद्ध वसूली की गई राशि | वसूली का प्रतिशत | प्राप्तांक |
|---|---|---|---|
| | | | |

g) समीक्षीत माह में लोक सेवा केन्द्रों के निरीक्षण के आधार पर अंक निर्धारण- अधिकतम 10 अंक

| समीक्षित माह में अपेक्षित निरीक्षणों की संख्या | समीक्षित माह में निरीक्षण किए गए लोक सेवा केन्द्रों की संख्या | प्राप्तांक |
|---|---|---|
| | | |

**व्याख्या-** जैसा कि पूर्व में निदेशित है कि जिला में लोक सेवाओं के नोडल पदाधिकारी एवं आई.टी. प्रबंधक को माह में कम से कम 4 लोक सेवा केन्द्रों का निरीक्षण कर निरीक्षण प्रतिवेदन website : rtps.bihar.gov.in पर अपलोड करना है। इस प्रकार 1 निरीक्षण के 2.5 अंक मिलेंगे। 4 से अधिक निरीक्षण अपलोड करने पर भी अधिकतम अंक 10 ही प्राप्त होगा।

h) जिले में लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम के कार्यान्वयन की न्यूनतम 1समीक्षा बैठक की कार्यवाही अपलोड करने पर- अधिकतम 10 अंक

**व्याख्या-**

बिहार लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन की समीक्षा जिला पदाधिकारी के स्तर पर किया जाना निदेशित है। अपरिहार्य स्थिति में यह बैठक जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी (नोडल पदाधिकारी-लोक सेवा) द्वारा भी की जा सकती है। समीक्षीत माह में ऐसे आहूत कम से कम एक बैठक की कार्यवाही वेबसाईट rtps.bihar.gov.in पर माह के अंत तक अपलोड किये जाने पर 10(दस) अंक प्रदान किये जायेंगे। किसी माह में एक से अधिक बैठकों की कार्यवाही अपलोड करने पर भी अधिकतम अंक 10 ही होगा।

3. उपर्युक्त कंडिका-2 की उप कंडिका-(a) से (h) तक के मापदंडों एवं इनके प्राप्तांक के योगफल को अवरोही क्रम(descending order) में रखकर प्रति माह बिहार लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन में जिलों की रैंकिंग का निर्धारण किया जाएगा। अनुरोध है कि इससे अपने जिले के सभी संबंधित पदाधिकारियों को अवगत कराने तथा उन्हें उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करने की कृपा की जाए।

**अनुलग्नक : यथोक्त।**

विश्वासभाजन

28/1/22

(डॉ. प्रतिमा)

अपर मिशन निदेशक

**ज्ञापांक - बि.प्र.सु.मि.सो./आर.टी.पी.एस.-01/2011(खण्ड) सो0-** 372 **दिनांक-** 28/01/2022

प्रतिलिपि : सभी प्रमंडलीय आयुक्त को सूचनार्थ प्रेषित।

28/1/22

**अपर मिशन निदेशक**

AO.

D:\S-2022\AMD.docx

| SL | Ranking Parameter | Report Source |
|---|---|---|
| 1 | 01.01.2022 से लेकर समीक्षीत माह तक जिले में प्राप्त कुल आवेदन में निष्पादित आवेदनों का प्रतिशत | https://serviceonline.bihar.gov.in/ & Adhikar Portal(http://rtps.bihar.gov.in/) |
| 2 | समीक्षीत माह में जिले में नियत समय सीमा के भीतर निष्पादित आवेदनों का प्रतिशत | https://serviceonline.bihar.gov.in/ & Adhikar Portal(http://rtps.bihar.gov.in/) |
| 3 | समीक्षीत माह में जिले में नियत समय सीमा के बाद निष्पादित आवेदनों का प्रतिशत | https://serviceonline.bihar.gov.in/ & Adhikar Portal(http://rtps.bihar.gov.in/) |
| 4 | तत्काल प्रमाण पत्रों के सत्यापन का प्रतिशत | https://serviceonline.bihar.gov.in/ |
| 5 | प्रारम्भ से लेकर अब तक जिले में अपील का निष्पादन का प्रतिशत | http://bpsm.bihar.gov.in/weeklyReport/Default.aspx |
| 6 | प्रारम्भ से लेकर अब तक जिले में शास्ति अधिरोपण में विरुद्ध वसूली की राशि का प्रतिशत | http://bpsm.bihar.gov.in/weeklyReport/Default.aspx |
| 7 | समीक्षीत माह में लोक सेवा केन्द्रों के निरीक्षण के आधार पर अंक निर्धारण | http://rtps.bihar.gov.in/ |
| 8 | जिले में लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम के कार्यान्वयन की समीक्षा बैठक | http://rtps.bihar.gov.in |

| क्र० | विभाग | सेवा का नाम | | Report Source |
|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | 3 |
| 1 | सामान्य प्रशासन विभाग | जाति प्रमाण-पत्र निर्गत करना | (i) राजस्व अधिकारी स्तर पर | **Service Plus Portal**(https://serviceonline.bihar.gov.in/) |
| | | | (ii) अनुमंडल पदाधिकारी स्तर पर | |
| | | | (iii)जिला पदाधिकारी स्तर पर | |
| | | आवासीय प्रमाण-पत्र निर्गत करनाk | (i) राजस्व अधिकारी स्तर पर | |
| | | | (ii) अनुमंडल पदाधिकारी स्तर पर | |
| | | | (iii)जिला पदाधिकारी स्तर पर | |
| | | आय प्रमाण-पत्र निर्गत करना | (i) राजस्व अधिकारी स्तर पर | |
| | | | (ii) अनुमंडल पदाधिकारी स्तर पर | |
| | | | (iii)जिला पदाधिकारी स्तर पर | |
| | | **तत्काल सेवा' के अधीन जाति, आय एवं आवासीय प्रमाण-पत्र निर्गत करना** | राजस्व अधिकारी स्तर पर | |
| | | नॉन क्रीमीलेयर प्रमाण पत्र का निर्गमन (बिहार सरकार के प्रयोजनार्थ) | (i) **अंचल स्तर पर** | |
| | | | (ii)**अनुमंडल स्तर पर** | |
| | | | (iii) **जिला स्तर पर** | |
| | | नॉन क्रीमीलेयर प्रमाण पत्र का निर्गमन (केन्द्र सरकार के प्रयोजनार्थ) | (i) **अंचल स्तर पर** | |
| | | | (ii)**अनुमंडल स्तर पर** | |
| | | | (iii) **जिला स्तर पर** | |
| | | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए आय एवं परिसम्पति प्रमाण पत्र का निर्गमन | (ii)**अंचल स्तर पर** | |
| | | | (ii)**अनुमंडल स्तर पर** | |
| | | | (iii) **जिला स्तर पर** | |
| 2 | गृह विभाग | पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में प्राप्त चरित्र सत्यापन प्रतिवेदन (पासपोर्ट, नौकरी इत्यादि) के आवेदनों का निस्तार। | | **Service Plus Portal**(https://serviceonline.bihar.gov.in/) & **Adhikar Portal**(http://rtps.bihar.gov.in/) |
| 3 | मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन | निबंधन कार्यालयों में उपबंधित सेवाएँ | प्रस्तुत दस्तावेजों का निबंधन/निष्पादन | Adhikar Portal(http://rtps.bihar.gov.in/) |
| | | | निबंधित दस्तावेजों का परिदान | |
| | | | तलाश एवं प्रतिलिपि कार्य | |
| | | | सम्पति अवभार प्रमाण-पत्र | |
| 4 | राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग | भूमि धारण (पोजेषन) प्रमाण-पत्र | लैंड पोजेषन सर्टिफिकेट का निर्गमन | **Adhikar Portal**(http://rtps.bihar.gov.in/) |
| | विभाग | विभिन्न प्रकार के सामाजिक सुरक्षा पेंशन की स्वीकृति | (क) प्राप्त आवेदनों को सक्षम प्राधिकार के समक्ष उपस्थापन | |

| क्र० | विभाग | सेवा का नाम | | Report Source |
|---|---|---|---|---|
| 5 | समाज कल्याण | से सबंधित आवेदनों का निष्पादन | (ख) अनुशंसा के साथ प्राप्त होने के पश्चात अपेक्षानुसार सत्यापन एवं निर्णय | **Adhikar Portal**(http://rtps.bihar.gov.in/) |
| | | राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के लिए प्राप्त आवेदन का निष्पादन | | |
| | | मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के लिए प्राप्त आवेदन का निष्पादन | | |
| | | मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना अन्तर्गत मुख्यमंत्री कन्या सुरक्षा योजना | | |
| 6 | खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण | नये राशन कार्ड का निर्गमन | (क) प्राप्त आवेदनों को जाचोपरांत अनुशंसा के साथ अनुमंडल पदाधिकारी के समक्ष उपस्थापन | **Adhikar Portal**(http://rtps.bihar.gov.in/) |
| | | | ख) अनुशंसा के साथ प्राप्त होने के पश्चात अपेक्षानुसार सत्यापन एवं निर्णय | |
| | | राशन कार्ड मे सशोधन (नाम मे संशोधन, नाम जोड़ना, नाम | (क) प्राप्त आवेदनों को जांचोपरांत अनुशसा के साथ अनुमंडल पदाधिकारी के समक्ष उपस्थापन | |
| | | | ख) अनुशसा के साथ प्राप्त होने के पश्चात अपेक्षानुसार सत्यापन एवं निर्णय | |
| | | राशन कार्ड का प्रत्यर्पण/रद्दीकरण | (क) प्राप्त आवेदनों को जाचोपरांत अनुशसा के साथ अनुमंडल पदाधिकारी के समक्ष उपस्थापन | |
| | | | (ख) अनुशंसा के साथ प्राप्त होने के पश्चात अपेक्षानुसार सत्यापन एवं निर्णय | |
| 7 | श्रम संसाधन विभाग | बिहार राज्य प्रवासी मजदूर दुर्घटना अनुदान योजना (दुर्घटना मृत्यु की स्थिति मे अनुदान) | | **Service Plus Portal**(https://serviceonline.bihar.gov.in/) Both Service included under one service on portal |
| | | बिहार राज्य प्रवासी मजदूर दुर्घटना अनुदान योजना (पूर्ण स्थयी अपंगता एव स्थयी आंशिक अपंगता की स्थिति मे अनुदान प्राप्त करने हेतु) | | |
| 8 | अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय (योजना एव विकास विभाग) | (I)जन्म रजिस्ट्रेशन एवं प्रमाण पत्र का निर्गमन् (जन्म से 30 दिनों से अधिक एवं 1 वर्ष के अदर) | | **Service Plus Portal**(https://serviceonline.bihar.gov.in/) All Services included under two services on portal as Birth certifcate & Death certificate |
| | | (II)मृत्यु रजिस्ट्रेशन एवं प्रमाण पत्र का निर्गमन् (मृत्यु की तिथि से 30 दिनो से अधिक एवं 1 वर्ष के अंदर) | | |
| | | (III)जन्म रजिस्ट्रेशन एवं प्रमाण पत्र का निर्गमन् (जन्म की तिथि से 1 वर्ष से अधिक अवधि) | | |
| | | (IV)मृत्यु रजिस्ट्रेशन एवं प्रमाण पत्र का निर्गमन् (मृत्यु की तिथि से 1 वर्ष की अवधि से अधिक का) | | |
| | | (V)जन्म रजिस्ट्रेशन की तिथि से 1 वर्ष के भीतर जन्म प्रमाण-पत्र मे शिशु का नाम जोड़ना | | |
| | | (VI) जन्म रजिस्ट्रेशन की तिथि से 1 वर्ष के पश्चात 15 वर्ष के भीतर जन्म प्रमाण-पत्र में शिशु का नाम जोड़ना | | |